पुलिस-बैंक समन्वय से साइबर वित्तीय अपराधों पर अंकुश लगाने की पहल

लंबित शिकायतों के समयबद्ध निराकरण और पीड़ितों को धनराशि वापस दिलाने पर जोर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः साइबर वित्तीय अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने और पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के उद्देश्य से राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय ने पुलिस और बैंकिंग संस्थानों के बीच समन्वय बैठक आयोजित की। बैठक में साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई, संदिग्ध खातों पर निगरानी और पीड़ितों की धनराशि सुरक्षित कराने के उपायों पर चर्चा की गई।

मुख्य सचिव द्वारा 26 नवंबर को आयोजित बैठक में बैंकों को एमआरएम और जीआरएम पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर समयबद्ध निराकरण और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए थे। इसी के पालन में रेडियो मुख्यालय कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, साइबर ने की। बैठक में एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज शिकायतों, संदिग्ध एवं म्यूल बैंक खातों पर कार्रवाई, ठगी की राशि को होल्ड अथवा लियन कराने, पीड़ितों को धनराशि वापस दिलाने तथा डिजिटल साक्ष्य और बैंकिंग अभिलेख समय पर उपलब्ध कराने के विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। एमआरएम और जीआरएम पोर्टल पर लंबित मामलों के निराकरण के लिए बैंकों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अंशुमान यादव, डीआईजी विनीत कपूर, पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा, इंदौर पुलिस अधीक्षक रुपेश द्विवेदी सहित साइबर फॉरेंसिक विशेषज्ञ, पुलिस अधिकारी और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पुलिस के अनुसार, वर्ष 2024 से जुलाई 2026 तक प्रदेश में 1,80,887 साइबर शिकायतों में लगभग 1,507.27 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी दर्ज हुई। त्वरित कार्रवाई के जरिए लगभग 301.59 करोड़ रुपये की राशि सुरक्षित कराई गई। साइबर वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण और पीड़ितों को राहत दिलाने के प्रयास जारी हैं।

जुनापानी और कोलूखेड़ी में आज बिजली समस्या समाधान शिविर

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संपर्क अभियान के तहत 28 नवंबर को विशेष जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किए जाएंगे। भोपाल संभाग के गुनगा वितरण केंद्र अंतर्गत जुनापानी और खजूरी सड़क वितरण केंद्र अंतर्गत कोलूखेड़ी में सुबह 10:30 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। शिविर में बिजली बिल सुधार, खराब मीटर बदलने, नए विद्युत कनेक्शन के आवेदन एवं स्वीकृति, सीएम हेल्पलाइन, 1912 और लोक सेवा गारंटी के लंबित मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसके साथ ही उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी और बकाया बिजली बिल जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

मलेशिया में भोपाल की मंजरी ने जीता मिसेज क्लासिक यूनिवर्स गैलेक्सी अवॉर्ड

टैलेंट राउंड में भी 42 देशों की प्रतिभागियों के बीच टॉप-3 फाइनलिस्ट रहीं

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भोपाल की मंजरी सिन्हा ने मलेशिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी पेजेंट मिसेज क्लासिक यूनिवर्स 2026 में मिसेज क्लासिक यूनिवर्स गैलेक्सी अवॉर्ड जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में 42 देशों की प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। मंजरी ने अपने आत्मविश्वास, प्रतिभा, व्यक्तित्व और मंच पर प्रभावशाली प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। टैलेंट राउंड में भी उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए टॉप-3 फाइनलिस्ट में जगह बनाई।



पेशे से डांस कोरियोग्राफर मंजरी लंबे समय से नृत्य और कला के क्षेत्र में सक्रिय हैं। मंजरी बताती हैं कि अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का सफर बचपन में देखे गए सपने से शुरू हुआ। नृत्य के प्रति रुचि के चलते उन्होंने पहले नृत्यांगना के रूप में पहचान बनाई। बाद में एक मित्र से प्रेरित होकर ब्यूटी पेजेंट में हिस्सा लेने का निर्णय लिया और मिस एंड मिसेज सेंट्रल इंडिया प्रतियोगिता में भाग लिया।



संकष्टी चतुर्थी पर दादाजी धाम में गूंजे गणपति के जयकारे

नईदुनिया प्रतिनिधि,भोपालः रायसेन रोड के पटेल नगर स्थित दादाजी धाम मंदिर में शुक्रवार को संकष्टी चतुर्थी के पावन अवसर पर विशेष अनुष्ठान हुए। इस अवसर पर महिलाओं ने भक्तिमय भजनों एवं कीर्तन से मंदिर परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। श्री दादाजी गुरुदेव चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष शिवरतन नामदेव ने बताया कि पंडित राजेंद्र पलिया ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को विधि-विधानपूर्वक सामूहिक पूजन-अर्चन कराया। साथ ही बताया कि श्री गणेश विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता एवं बुद्धि के प्रदाता हैं। प्रत्येक माह कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन भगवान गणेश की आराधना, व्रत एवं पूजन करने का विशेष महत्व है। उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान श्री गणेश के चरणों में शीश नवाकर परिवार, समाज एवं समस्त मानवता के कल्याण, सुख-शांति और समृद्धि की मंगलकामना की।

भक्ति के लिए सरल भाव जरूरी

जीवन में चारों आश्रमों का संतुलन भी महत्वपूर्ण : पुण्डरीक गोस्वामी



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मानसरोवर समूह के संस्थापक ब्रह्मलीन कमलाकांत तिवारी की स्मृति में कोलार रोड स्थित मानसरोवर डेंटल कॉलेज परिसर में शुक्रवार को श्रीमद् भागवत मानसरोवर कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

कथाव्यास डॉ. पुण्डरीक गोस्वामी जी महाराज ने प्रथम दिन भक्ति की सरलता और जीवन के चार आश्रमों तथा चार पुरुषार्थों के संतुलन का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा का निमंत्रण पूरे समाज और परिवार को देना चाहिए, क्योंकि भीड़ में उपस्थित किसी एक सच्चे भक्त के भाव के लिए भी भगवान पधार सकते हैं। परंपराओं और पंचांग की उलझनों में पड़कर भक्ति का मूल भाव नहीं भूलना चाहिए।

महाराज श्री ने कहा कि जीवन को समझने और साधने की कला आवश्यक है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास आश्रम की व्यवस्था धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के संतुलन का मार्ग दिखाती है। इस अवसर पर लोकगायिका एवं विधायक मैथिली ठाकुर ने राम भजन और मिथिला के पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति दी।

मानसरोवर समूह की कुलाधिपति मंजुला तिवारी और प्रति कुलाधिपति गौरव तिवारी ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में निदेशक दिशा तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

मास्टर प्लान पर सुनवाई में बड़े तालाब के प्रदूषण और विकास योजनाओं पर उठे सवाल

नप्र, भोपालः भोपाल के आगामी 21 वर्षों के विकास की दिशा तय करने वाले मास्टर प्लान के प्रारूप पर आपत्तियों और सुझावों की सुनवाई जारी है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान पर्यावरणविद्, कानूनी विशेषज्ञ और नागरिकों ने शहर के विकास से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर सवाल उठाए। बड़े तालाब में बढ़ते प्रदूषण, ग्रोथ कॉरिडोर, लेक फ्रंट के नियमों और विकास योजनाओं की समय-सीमा को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गईं। पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष पांडे ने कहा कि भोपाल को झीलों के शहर के रूप में जाना जाता है, लेकिन यहां के तालाबों का उचित संरक्षण नहीं हो रहा है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 21 वर्षों में बड़े तालाब की जैव विविधता में 81 प्रतिशत तक कमी आई है। उन्होंने आशंका जताई कि यदि संरक्षण के प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में तालाब का पानी पीने योग्य नहीं रहेगा। डॉ. पांडे ने सुझाव दिया कि 2.25 हेक्टेयर से बड़े जलाशयों को आर्द्रभूमि और संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया जाए।

विश्वरंग अब वैश्विक आंदोलन बन गया है : डॉ. संतोष चौबे



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) में शुक्रवार को तीन दिवसीय विश्वरंग प्रवासी उत्सव 2026 का रंगारंग शुभारंभ हुआ। 27 से 29 नवंबर तक आयोजित इस उत्सव में 20 से अधिक देशों के साहित्यकार, शिक्षाविद, भाषाविद और प्रवासी रचनाकार शामिल हो रहे हैं।

उद्घाटन सत्र में विश्वरंग के निदेशक एवं आरएनटीयू के कुलाधिपति डॉ. संतोष चौबे ने कहा कि विश्वरंग भारतीय भाषाओं और संस्कृति के पक्ष में 10 लाख से अधिक लोगों का वैश्विक समुदाय तैयार कर चुका है। अब यह एक वैश्विक आंदोलन बन गया है। उन्होंने बताया कि विश्वरंग में 21 देशों की रचनाओं को स्थान दिया गया है। प्रति-कुलाधिपति डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि विश्वरंग की पहुंच 70 से अधिक देशों और पांच करोड़ से अधिक लोगों तक हो चुकी है। उत्सव के पहले दिन भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में प्रवासी भारतीयों के योगदान, हिंदी मीडिया की बदलती भूमिका, डिजिटल युग में हिंदी का विस्तार और सांस्कृतिक कूटनीति में भारतीय भाषाओं की भूमिका पर विभिन्न सत्रों में चर्चा हुई। वक्ताओं ने हिंदी के वैश्विक प्रसार, भाषाई पहचान और नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़ने पर जोर दिया। इस अवसर पर प्रवासी रचनाकारों को विश्वरंग भाषा अलंकरण से सम्मानित किया गया तथा हिंदी ओलंपियाड के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। 'रंग संगीत' कार्यक्रम में साहित्यिक कविताओं, लोकगीतों और ब्रज की पारंपरिक होलियों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

26/11 हमले पर संस्कार विद्यालय के पूर्व छात्र ने बनाई डॉक्यूमेंट्री

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः संस्कार विद्यालय में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले पर आधारित 20 मिनट की डॉक्यूमेंट्री विद्यार्थियों को दिखाई गई। इसका निर्माण विद्यालय के पूर्व छात्र मोहित शेवानी ने किया है।

इस अवसर पर संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने भी विद्यार्थियों के साथ डॉक्यूमेंट्री देखी। उन्होंने कहा कि विद्यालय के पूर्व छात्र द्वारा इसका निर्माण करना गर्व की बात है। मोहित 26 नवंबर को मुंबई के अंधेरी स्टेडियम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और पूज्य पंडित धीरेंद्र शास्त्री की उपस्थिति में प्रस्तुति देंगे। चेलानी ने कहा कि डॉक्यूमेंट्री दिखाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को सुरक्षाकर्मियों के साहस और बलिदान से प्रेरित करना है।

इस दौरान हमले में शहीद हुए जवानों और जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आरके मिश्रा, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'शब्द मंदिर' के दीपावली विशेषांक का विमोचन



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः सांसद एवं भाजपा प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने अपने निवास शिवाजी नगर में 'शब्द मंदिर' मासिक पत्रिका के दीपावली विशेषांक का विमोचन किया। इस अवसर पर पत्रिका की प्रधान संपादक स्नेहलता बरुआ, संपादक राजकुमार बरुआ और भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्वनी राय उपस्थित रहे।

विमोचन कार्यक्रम में सांसद अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में हर महीने नियमित रूप से पत्रिका प्रकाशित करना चुनौतीपूर्ण कार्य है। अच्छे लेखकों तक पहुंचना, उनकी रचनाओं को पाठकों से जोड़ना और साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक वातावरण निर्मित करना आसान नहीं है।

उन्होंने इस चुनौतीपूर्ण कार्य को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए प्रधान संपादक स्नेहलता बरुआ और संपादक राजकुमार बरुआ को बधाई दी।

73 वर्ष के व्यक्ति ने फांसी लगाई

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित सांई राम कॉलोनी में गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात 73 वर्ष के बुजुर्ग ने फांसी लगा ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि आठ दस दिनों से उनकी तबीयत बिगड़ी हुई थी और वह तनाव में थे। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया है।

पुलिस के अनुसार नारायण (73) सांई राम कॉलोनी, स्टेशन बजरिया में रहते थे। वह मंदिर में पूजा पाठ करते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। परिजन ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात उन्होंने मकान के फर्स्ट फ्लोर पर अपने कमरे में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही उन्हें फांसी के फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए थे, वहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

एनसीसी कैंप में शाहानी स्कूल की दो छात्राओं ने जीते स्वर्ण पदक

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः अनंदराम टी. शाहानी कन्या विद्यालय की छात्राओं ने एमपी गर्ल्स बटालियन परिसर में आयोजित एनसीसी कैंप में हिस्सा लिया। मेजर तरुणा और कमांडिंग ऑफिसर कर्नल तनवीर की देखरेख में आयोजित कैंप में विभिन्न विद्यालयों के 800 कैडेट शामिल हुए। विद्यालय की माधवी भारती और दुर्गेश्वरी राठौर ने 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीते। कैंप में विद्यालय की 24 छात्राओं ने सहभागिता की।



नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अमरीन उवेज अली पत्नी सैयद उवेज अली निवासी फ्लैट नं. 02 लव कुश अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल (मध्य प्रदेश) 462001 यह घोषणा करती हूं कि मेरा पूर्व में नाम अमरीन कुरैशी था जो मेरी दसवीं की मार्कशीट पर लिखा है। अब मैंने अपना नाम बदलकर अमरीन उवेज अली पत्नी सैयद उवेज अली रख लिया है। जो मेरे अन्य दस्तावेजों में दर्ज है। अब मुझे इसी नए नाम अमरीन उवेज अली से जाना पहचाना जाए।

5028

कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक हमीदिया चिकित्सालय,भोपाल

Phone: 0755-4050450, Email-hamidiapurchase @ gmail. com

क्रमांक/17036/कय/हमी. चिकि./भोपाल/26-27 भोपाल, दिनॉक 23/11/2026

द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण

गाँधी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सालय हमीदिया चिकित्सालय एवं क्षय चिकित्सालय भोपाल में मेडिकल ऑक्सीजन गैस, नाईटस गैस, नाइट्रोजन गैस एवं कार्बनडाइऑक्साइड गैस को विभिन्न क्षमता के खाली सिलेन्डरों में गैस भरने संबंधी नवीन द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण 2026-28 ई-पोर्टल www.mptenders.gov.in पर दिनॉक 23/11/2026 से उपलब्ध है। निविदा में परिवर्तन संबंधी जानकारी भी ई-पोर्टल पर देखी जा सकती है, जिसका पृथक से प्रकाशन नही किया जायेगा।

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
हमीदिया चिकित्सालय, भोपाल

जी-22138/26

कार्यालय रा.नि.मं-04 बिलखिरिया तहसील- हुजूर जिला- भोपाल (म.प्र.)

रा.प्र.कं.-0483/अ-12/2025-26
ग्राम का नाम- सेवनिया ओंकारा
प.ह.नं.- 38 तहसील हुजूर जिला- भोपाल

सूचना-पत्र

प्रति,1. लालचंद पिता आलमचंद निवासी बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश । 2. कमली बाई पुत्री ठाकुरदास निवासी गौहरगंज रायसेन मध्यप्रदेश। 3. विनोद यादव पुत्र कैलाश यादव निवासी 84 अमृत एन्कलेव अयोध्या बायपास रोड़ भोपाल मध्यप्रदेश। 4. सतीश कुमार जैन पुत्र जीवनलाल जैन निवासी-44 गीत बंगलो फेस 5 अयोध्या बायपास रोड़ भोपाल मध्यप्रदेश। 5. हरीश केसवानी आत्मज स्व श्री मूलचंद केसवानी निवासी न्यू बी 31/333 मेन रोड बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश। 6. समस्त मेढिया कृषक एवं ग्राम चौकीदार। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री हरीश केसवानी आत्मज स्व श्री मूलचंद केसवानी निवासी न्यू बी 31/333 मेन रोड बैरागढ़ भोपाल (म.प्र) द्वारा ग्राम सेवनिया ओंकारा प.ह.नं- 38 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 390, 391, 392 रकबा क्रमशः 1.280 हे, 0.540 है, 1.350 हे इस प्रकार कुल खसरा नंबर 03 कुल रकबा 3.170 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 04/12/2026 को समय प्रातः/दोपहर 03:15 बजे से स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो, नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। आज दिनांक 27/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **नोट**- 1. अपरिहार्य कार्य की वजय से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा। 2. आवेदक द्वारा स्वयं के व्यय से दैनिक समाचार पत्र में सूचना पत्र का प्रकाशन कराया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 04 बिलखिरिया
तहसील- हुजूर जिला- भोपाल

5029

कार्यालय रा.नि.मं-04 बिलखिरिया तहसील- हुजूर जिला- भोपाल (म.प्र.)

रा.प्र.कं.-1264/अ-12/2025-26
ग्राम का नाम- सेवनिया ओंकारा
प.ह.नं.- 38 तहसील हुजूर जिला- भोपाल

सूचना-पत्र

प्रति, 1. लालचंद पिता आलमचंद निवासी बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश। 2. नरेन्द्र केशवानी पुत्र स्व जानीमल केशवानी निवासी बी 31/333 मेन रोड बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश। 3. प्रदीप पुनेश मनीषा पुत्र पुत्री ईश्वरदास कमलीबाई पत्नी स्व. ईश्वरदास निवासी-बी 31/333 गिदवानी पार्क के पास मेन रोड बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश। 4. संतोष कुमार पुत्र जानीमल, पुष्पादेवी पत्नी जानीमल निवासी-बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश । 5. पीताम्बर केशवानी आत्मज स्व श्री जानीमल केशवानी निवासी बी 31/333 मेन रोड बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश। 6. समस्त मेढिया कृषक एवं ग्राम चौकीदार। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पीताम्बर केशवानी आत्मज स्व श्री जानीमल केशवानी निवासी बी 31/333 मेन रोड बैरागढ़ भोपाल (म.प्र) द्वारा ग्राम सेवनिया ओंकारा प.ह.नं- 38 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा नंबर 216 रकबा 1.380 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 04/12/2026 को समय प्रातः / दोपहर 2:30 बजे से स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो, नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। आज दिनांक 27/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **नोट**- 1. अपरिहार्य कार्य की वजय से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा। 2. आवेदक द्वारा स्वयं के व्यय से दैनिक समाचार पत्र में सूचना पत्र का प्रकाशन कराया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 04 बिलखिरिया
तहसील- हुजूर जिला- भोपाल

5030

कार्यालय सम्पदा अधिकारी

म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-1,गोमतिका परिसर, जवाहर चौक भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड, एस.बी.आई. कालोनी, ई-7 अरेरा कालोनी, भोपाल (म.प्र.) में स्थित भूखण्ड क्रमांक-3 मण्डल द्वारा श्रीमती पुष्पा चतुर्वेदी पत्नी स्व. श्री कैलाश नारायण चतुर्वेदी के के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 12/03/1991 को एवं लीज नवीनीकरण दिनांक 19/10/2022 को पंजीकृत किया गया है। श्रीमती पुष्पा चतुर्वेदी का स्वर्गवास 27/09/2026 को एवं उनके पति श्री कैलाश नारायण चतुर्वेदी का स्वर्गवास दिनांक 07/11/2002 को हो गया है। आवेदक आवंटी के पुत्र श्री अमित चतुर्वेदी आत्मज स्व. श्री कैलाश नारायण चतुर्वेदी द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/संस्था/वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1 भोपाल

5031

न्यायालय तहसीलदार हुजुर जिला भोपाल

क्रमांक15/प्रवा./ दिनांक 27/11/2026

सूचना-पत्र

संपत्ति के नीलामी की सार्वजनकि सूचना नियम 6 देखिये (अंतर्गत मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग)

स क्र,1 संपत्ति का विवरण आकृति हाइलैंड फंदा कला स्थित व्यवातींत भूमिया खसरा नम्बर 365/1/2, गाइड लाइन मूल्य 2,76,05,000 पत्र क्र 395/उप/26, भोपाल दिनांक 13/11/26, संपत्ति का मूल्य 2,76,05,000(संपत्ति के मूल्य के अतिरिक्त पंजीयन शुल्क एवं रजिस्ट्री के सभी शुल्क) बोलीदार वहन करेंगे, अमानत राशि 27,60,500 (उक्त राशि का डी डी स्वीकार होगा), प्रक्रिया शुल्क 50,000, तहसीलदार के खाते की जानकारी 10625212912 Ifsc: SBIN0000332 कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल का पी डी खाता **कुल 2,76,55,000 (दो करोड़ छियत्तर लाख पचपन हजार रुपये)** सम्पति के नीलामी का स्थान : न्यायालय तहसीलदार तहसील हुजुर जिला भोपाल का मीटिंग हाल, समय दोपहर 2 बजे से समाप्ति तक. 2. नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व भूमिस्वामी द्वारा बकायेदारो का भुगतान किये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तत्काल प्रभाव से रोक दी जायेगी. 3. प्रथम सफल बोलीदार के द्वारा नीलामी से 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण भुगतान नहीं किये जाने पर द्वितिय सफल बोलीदार के बोली पर विचार किया जाकर निर्णय लिया जायेगा. 4. खरीद दार को पंजीयन शुल्क प्रथक से देय होगा. 5. नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक बोलीदार दिनांक 15/12/26 के पूर्व प्रातः 10 बजे से 6 बजे के मध्य न्यायालय तहसीलदार तहसील हुजुर जिला भोपाल में अमानत राशि तथा प्रक्रिया शुल्क इस प्रकार कुल 27,60,500 रुपये (सफल बोलीदार नियुक्त होने पर बोली की प्रक्रिया का शुल्क 50,000 प्रथक से देय होगा) मात्र का डिमांड ड्राफ्ट जमा कर रशीद प्राप्त कर सकेंगे. अमानत राशि के डिमांड ड्राफ्ट के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा. 6. किसी भी लिपिकीय त्रुटी अथवा किसी प्रक्रियात्मक त्रुटी के कारण नीलामी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की जा सकेगी. 7. नीलामी का इच्छुक बोलीदार सादे कागज में तहसीलदार के नाम से आवेदन, आवेदन मूल प्रति में आवेदक अथवा आवेदक के अभिभाषक के माध्यम से मूल आवेदन, डीमांड ड्राफ्ट मूल, आधार कार्ड के प्रति, इस आशय का शपथ पत्र कि वह नीलामी के सभी बिन्दुओ को पढ़ चुका है एवं सहमत है के साथ ही स्वीकार होंगे. 8. संपति की पहचान हेतु इच्छुक बोलीदार पटवारी श्री नरेन्द्र अग्रवाल 9407254970 पर संपर्क कर सकते है।

तहसीलदार
तहसील हुजूर जिला भोपाल

5032

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी तहसील हुजूर जिला भोपाल म.प्र.

क्रमांक/ भोपाल दिनांक 23/11/2026
प्रकरण क्र. 0069/बी-121/2026-2027

सूचना-पत्र

प्रति, कौशल्या बाई पुत्री श्री मेहताब सिंह परमार निवासी-ग्राम रतनपुर सडक तहसील हुजूर जिला भोपाल एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक 01 श्रीमती रमा वेदुला पत्नी श्री भरत अग्रवाल निवासी-बी-12005, मंगलम आरोमा, रामपुरा रोड, पत्रकार कॉलोनी के पास, जयपुर राजस्थान, हाल निवासी भोपाल 02 श्रीमती सुधा गोर्ती पत्नि गोर्ती श्रीनिवास निवासी-23092, प्रेस्टीज शांति निकेतन, वाईट फील्ड रोड, टी.टी.पी.एल. के पास, महादेवपुरा, बैंगलौर (कर्नाटक), हाल निवासी भोपाल 03 श्रीमती मधुलिका वेदुला पुत्री श्री वेदुला मल्लिकार्जुन राव निवासी-ब्लॉक तोरन, फ्लेट नंबर 11007, मायएच, मेदिनागुढा, श्रीलिंगमपल्ली, आंध्रप्रदेश, हाल निवासी भोपाल म0प्र0 द्वारा अनावेदक कौशल्या बाई पुत्री श्री मेहताब सिंह परमार निवासी ग्राम रतनपुर सडक तहसील हुजूर जिला भोपाल म0प्र0 द्वारा अधिनस्थ न्यायालय प्रकरण क्रमांक 324/अ-12/2025-2026 में पारित आदेश दिनांक 29. 05.2026 से दुखी एवं व्यथित होकर म0प्र0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 (5) के तहत अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आप हितबद्ध पक्षकार है। उक्त में यदि आपको या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 9.12.26 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष समर्थन/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है उपस्थित न होने की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अनुविभागीय अधिकारी
तहसील हुजूर जिला भोपाल

5027

कार्यालय रा.नि.मं-04 बिलखिरिया तहसील- हुजूर जिला- भोपाल (म.प्र.)

रा.प्र.कं.-1263/अ-12/2025-26
ग्राम का नाम- सेवनिया ओंकारा
प.ह.नं.- 38 तहसील हुजूर जिला- भोपाल

सूचना-पत्र

प्रति, 1. लालचंद सुरेश मनोज पिता आलमचंद केसवानी विद्या नीलू पुत्रियां आलमचंद केसवानी निवासी- डब्लूपी 85 लेक पर्ल गार्डन एयरपोर्ट रोड़ भोपाल मध्यप्रदेश। 2. पीताम्बर केशवानी आत्मज स्व श्री जानीमल केशवानी निवासी बी 31/333 मेन रोड बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश। 3. प्रदीप पुनेश मनीषा पुत्र पुत्री ईश्वरदास कमलीबाई पत्नी स्व. ईश्वरदास निवासी-बी 31/333 गिदवानी पार्क के पास मेन रोड बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश। 4. नरेन्द्र केशवानी पुत्र स्व जानीमल केशवानी निवासी बी 31/333 मेन रोड बैरागढ़ भोपाल मध्यप्रदेश । 5. समस्त मेढिया कृषक एवं ग्राम चौकीदार। एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नरेन्द्र केशवानी पुत्र स्व जानीमल केशवानी निवासी- बी 31/333 मेन रोड बैरागढ़ भोपाल (म.प्र) द्वारा ग्राम सेवनिया ओंकारा प.ह.नं-38 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 214, 217 रकबा क्रमशः 0.850 हे, 1.970 हे. हे. इस प्रकार कुल खसरा नंबर 02 कुल रकबा 2.820 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदित उक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 04/12/2026 को समय प्रातः / दोपहर 1:.30 बजे से स्थल पर किया जावेगा। पड़ोसी खातेदार होने के कारण एवं उक्त सीमांकन से कोई आपत्ति हो तो, नियत दिनांक एवं समय पर स्थल पर भूमि के स्वत्व एवं आनुषांगिक दस्तावेज सहित उपस्थित हो। अनुपस्थिति की दशा में सीमांकन कार्य रोका नहीं जावेगा। बाद प्रस्तुत आपत्ति विचार योग्य नहीं होगी। आज दिनांक 27/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया। **नोट**- 1. अपरिहार्य कार्य की वजय से तिथि में परिवर्तन किया जा सकेगा। 2. आवेदक द्वारा स्वयं के व्यय से दैनिक समाचार पत्र में सूचना पत्र का प्रकाशन कराया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक रा.नि.मं. 04 बिलखिरिया
तहसील- हुजूर जिला- भोपाल

5026

Online Tender Document for M.P. Police

पुलिसमुख्यालय,मध्यप्रदेश,भोपाल

**No.PHQ/15/GPC/6018-1/2026 Bhopal, Dated 25/11/2026